हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 26 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने की कसरत


12 परिवार व समाज को भी प्रभावित करती है नशे की लत


## खबर संक्षेप

### कॉमन प्रवेश परीक्षा 30 जून को : कर्नल पांडेय

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस पांडेय ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास और अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन परीक्षा केंद्रों पर 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों के कॉमन प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं।

### धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** ऑनलाइन ट्रेडिंग का लालच देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी राम बचन यूपी के झींगुर पट्टी पोस्ट ऑफिस मारकिनगंज गाजीपुर का रहने वाला है। आरोपी से 40 हजार की नकदी बरामद की है। जांच में सामने आया था कि कुल रकम में से धोखाधड़ी से हड़पे गए 4 लाख 55 हजार रूपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुए थे। गोबिंदनगर के रजत ने 23 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 अप्रैल 2025 से 12 मई 2025 के दौरान ऑनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर उससे करीब 7 लाख 55 हजार रूपये की धोखाधड़ी हो गई है।

### लिव इन में रहने वाली का हत्यारोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत में लिव इन पार्टनर युवती की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सूरज पठान के रूप में हुई है। पुलिस प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवती उसके अलावा किसी दूसरे युवक से भी बातचीत करती थी। वह अक्सर फोन पर बिजी रहती थी। उसने अनेकों बार कहा गया कि वह किसी दूसरे से बात न किया करे, लेकिन वह नहीं मानी। इसी के चलते वह आपा खो बैठा और उसने 19 जून को ईंट से उसके सिर पर वार किया और मौत के घाट उतार दिया। उसकी मौत होने के बाद वह डर गया था और मौके से फरार हो गया था।

### सनौली खुर्द में बिजली गिरने से जले उपकरण

**बापौली।** सनौली खुर्द गांव में सुबह बूदाबांदी के दौरान आसमानी बिजली गिरने से अनेक घरों के उपकरण जल गए गए। जिससें करीब 60 घरों में अंधेरा छा गया। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि जिस क्षेत्र में कई लोगों के मोबाइल भी खराब हो गए। वहीं पूरा दिन बिजलीकर्मी बिजली को ठीक करने में लगे रहें। सुबह करीब साढे आठे बजे आकाशीय बिजली के पोल पर गिर गई।

---

### कुरुक्षेत्र में आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल बोले

# संविधान गीता, गुरुग्रंथ साहिब व बाइबल की तरह पवित्र

### संविधान को बचाने के लिए काम कर रही भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पंचायत भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल।

- आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को सम्मानित किया

केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे देश के गीता, गुरुग्रंथ साहिब और बाइबल की तरह पवित्र है। हमें संविधान का मान सम्मान और आदर करना चाहिए।

देश हित में संविधान के अंदर संशोधन भी किया जाने चाहिए, लेकिन व्यक्तिगत या कुर्सी के लिए संशोधन करना संविधान की हत्या के बराबर है। भारतीय जनता पार्टी संविधान को बचाने के लिए काम कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में आयोजित संविधान हत्या दिवस 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इससे पहले केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने संविधान हत्या दिवस को लेकर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल में बंद होने वाले और उनके परिजनों को शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि देश को कुरुक्षेत्र की भूमि से धर्म-अधर्म, न्याय-अन्याय, नीति और अनीति के विषय में ज्ञान दिया है, जिसका हमारे देश में नहीं बल्कि पूरे विश्व में अनुसरण किया है। अब तक अधर्म, अन्याय और अनीति हारती आई है। यही सीख संविधान की हत्या करने वालों को भी लेनी चाहिए। हमारे देश में डेमोक्रेसी बहुत ही बड़ी और पुरानी है। देश के पास द्वापर और त्रेता युग का प्रमाण मौजूद है, जबकि अमेरिका के पास स्टैचू ऑफ यूनिटी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका आज खुद की डेमोक्रेसी को सबसे पुराना बता रहा है। अब समय बदल चुका है, उसकी डेमोक्रेसी को भारत के नागरिक चैलेंज करते हैं, क्योंकि सबसे पुरानी और सबसे बड़ी डेमोक्रेसी भारत की रही है और आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस आपातकाल के दौरान करीब 1 लाख 10 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया, इनमें पत्रकार भी शामिल रहे। बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि आपातकाल की स्थिति देश को किसी बाहरी खतरे के समय, आंतरिक अशांति के समय और वित्तीय संकट में घोषित की जाती है। वर्ष 1975 में हमारे देश में तब इनमें से कोई भी कारण नहीं था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर इन यातना सहन करने वालों को मान सम्मान दिया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता जवाहर सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, आत्मप्रकाश मनचंदा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, जितेंद्र खैरा आदि मौजूद रहे।

## जनता के मौलिक अधिकारों का हनन

- भाजपा ने इमरजेंसी दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा रहे मुख्यातिथि



यमुनानगर। भाजपा द्वारा आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढांडा का स्वागत करते आयोजक।

**यमुनानगर।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढ़ांडा ने कहा कि आपातकाल ने भारत के लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया था और नागरिकों के अधिकारों को सीमित कर दिया था। उन्होंने बुधवार को जगाधरी के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित संविधान हत्या दिवस के जिलास्तरीय कार्यक्रम में उक्त शब्द कहे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व मेयर सुमन बहमनी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्यातिथि एवं कैबिनेट मंत्री महीपाल सिंह ढांडा ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन सरकार की प्रधानमंत्री रही स्व.इंदिरा गांधी द्वारा भारत में आपातकाल की घोषणा की गई थी। जिसने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में डाल दिया था। इस अवसर पर हम आपातकाल के दौरान देश के लिए लड़ने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद करते हैं और उनके बलिदानों को सलाम करते हैं। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आपातकाल नेनागरिकों के अधिकारों को सीमित कर दिया था। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मानवाधिकारों का जमकर हनन हुआ था और कई लाख निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया था। आपातकाल के दौरान मीडिया की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था और उस समय सरकार के खिलाफ कोई खबर नहीं चलाई जा सकती थी।

---

# व्यापारियों से फिरौती मांगने वाले दो गिरफ्तार

- आरोपियों का पुलिस ने लिया तीन दिन का पुलिस रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** पुलिस द्वारा व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए।

विदेशी फोन नंबरो से काल करके व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देने व फिरौती मांगने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है। जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि व्यापारियों को विदेशी नंबरों से कॉल करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी और उनसे फिरौती दिए जाने की मांग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू जांच कर रही थी। इसी जांच के दौरान पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू की टीम ने शक के आधार पर दादूपुर हैड के नजदीक से दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इस दौरान तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो पिस्टल, दस जिंदा कारतूस, एक देसी पिस्तौल व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान ताहरपुर निवासी चेतन सिंह व साहिल के रुप में हुई। इस दौरान आरोपियों ने पूछताछ में व्यापारियों से फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने का अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर उनका तीन दिन का रिमांड लिया गया।

# पाइप लाइन धंसने से मकानों में दरार



- वार्ड वासी बोले घटिया तरीके से बिछाई पाइप लाइन, होनी चाहिए जांच

**इंद्री (करनाल)।** बुधवार सुबह आई बरसात ने इंद्री के वार्ड न 5, 6 व 7 में जनस्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बिछाई जा रही पीने के पानी की पाइप लाइन के निर्माण कार्य की पोल खोल दी है।

तेज बारिश के चलते बिछाई गई पाइपलाइन जगह-जगह से धंस गई जिस कारण कई मकानों की नींवों को नुकसान पहुंचा और दीवारों में दरारें तक आ गई। विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। रोषजदा कस्बा वासी रमेश बवेजा, नरेश कुमार, मोहित, विनोद, पवन, पप्पी सचदेवा, विनय, चिंटू, आशा रानी, नीलम रानी, सीमा, सुमन व अनमोल आदि का कहना है कि कस्बे के लोगों को पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है लेकिन पाइपलाइन बिछाने का काम इतना घटिया तरीके से किया जा रहा है कि पहली ही बरसात में पाइपलाइन धंस गई जिस कारण मकानों की नींवों को भी नुकसान हो रहा है। उक्त लोगों का कहना है कि यदि बिछाई गई पाइपलाइन की शीघ्र जांच करवा कर ठीक नहीं करवाया गया तो काफी मकानों को नुकसान हो सकता है। इस मामले में जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार का कहना है कि जहां-जहां पर मकान की नींव धंसने की शिकायत आई है वहां पर जांच करवाने के बाद ही पता चल सकेगा कि नींव बैठने का कारण क्या है।

---

## महिला से 28 लाख रुपये की ठगी

- पुलिस ने किया मां और बेटे पर मुकदमा दर्ज
- आरोपियों ने पैसे दोगुने करने का लालच देकर की ठगी

**बराड़ा।** यहां की रहने वाली एक महिला ने जिला कुरुक्षेत्र के गांव अधोया की एक महिला व उसके बेटे पर धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दोनों आरोपियों ने उससे पैसे दोगुना करने का लालच देकर 28,24,600 की ठगी की। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर दोनों मां और बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर 14 में रहने वाली जसविंद्र कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उक्त मकान में वर्ष 2008 से किराए पर रह रही है। उन्होंने वर्ष 2020 में करनाल कॉलोनी बराड़ा में स्थित अपना 10 मरले का मकान 29.80 लाख में बेचा था। उसके बाद उनके खाते में यह राशि जमा हुई। पीड़िता के अनुसार उनके पड़ोस में रहने वाले सतविंद्र सिंह उर्फ सोनी और उनकी पत्नी सुरजीत कौर के माध्यम से उनका परिचय आरोपित रुपिंद्र सिंह और उसकी माता कुलदीप कौर से हुआ। अगस्त 2022 में दोनों ने महिला को यह कहकर बहलाया कि वे एक फाइनेंस कंपनी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अगर वह अपनी रकम इस कम्पनी में निवेश करती हैं तो उन्हें हर महीने 2 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इस लालच में आकर महिला ने अगस्त 2022 से अगस्त 2023 तक अपने एसबीआई और एचडीएफसी खातों से कुल 28.24 लाख की राशि नकद और ट्रांसफर के माध्यम से दी। उसने बताया कि रकम लेने के बाद आरोपी कुछ समय तक तो ब्याज देते रहे। इसकी वजह से उसका आरोपियों पर भरोसा बना रहा। 4 सितंबर 2023 को आरोपी ने स्टांप पेपर पर एक लिखित वादा भी किया कि 18 महीने बाद वह रकम दोगुनी करके वापिस लौटाएंगे। बाद में जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे तीन चेक दिए जोकि 6 लाख, 8 लाख और 10 लाख के थे। जब महिला ने वो चेक बैंक में लगाए तो वो सभी बाउंस हो गए। जब पीड़िता ने उनके घर जाकर पैसे वापस मांगने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बरसात से पारा गिरा, गर्मी से मिली राहत

- किसानों के चेहरे खिले,धान की रोपाई करने में मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

मानसून की झमाझम बारिश दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। बुधवार को दोपहर तक हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश होने पर गर्मी झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं बारिश से मौसम सुहाना रहा।

लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने बच्चों सहित पार्कों में पहुंचने लगे। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर तक जारी बारिश से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई। अब धान रोपाई के कार्य में तेजी आएंगी। इसके साथ ही धान रोपाई की गई फसल को भी फायदा हुआ है। बरसात होने से जहां गांव व शहर की निचली कई कालोनियों में कीचड़ जमा हो गया है। खेतों में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। बरसात ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी। बरसात होने से धान रोपाई के कार्य को फायदा होगा। अच्छी बरसात होने से लक्ष्य से अधिक रोपाई होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

#### धान रोपाई में तेजी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने बताया कि बरसात से धान की रोपाई में तेजी आएगी। रोपी गई फसल को काफी लाभ मिलेगा। बरसात सब्जी की फसल के लिए भी फायदेमंद रहेगी।

---

### बोर्ड की मीटिंग में विकास योजनाओं पर लगी मोहर,फंड को मिली मंजूरी

# कैंटोनमेंट बोर्ड के विकास पर खर्च होंगे 22.17 करोड़

- सीईओ बोले, बुनियादी ढांचे को किया जाएगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कैंटोनमेंट बोर्ड एरिया का दृश्य।

कैंटोनमेंट बोर्ड के विकास पर 22.17 करोड़ खर्च किए जाएंगे। अफसरों ने बोर्ड की बैठक में इस फंड को मंजूरी दे दी है। इस फंड से क्षेत्र की इमारतों की मरम्मत भी कराई जाएगी।

इसके साथ ही सड़क और फुटपाथ का निर्माण भी होगा। इसके अलावा ड्रेन, पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन, बिजली संबंधित कार्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इन कार्यों से क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परेशानियों का समाधान हो सकेगा। इन सभी कार्यों पर कैंटोनमेंट बोर्ड की तरफ से 16 करोड़ रुपये और निकाय विभाग से प्राप्त राजस्व के छह करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र के अधीन नालों और इमारतों के निर्माण पर चार करोड़ 21 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत स्टाफ रोड के नजदीक मुख्य नाले की रिपेयर का काम किया जाएगा। यह नाला हाल रोड से चर्च रोड तक जाता है। इस कार्य के तहत नाले को पक्का करने का काम किया जाएगा। यह कार्य 45 लाख 66 हजार 891 रुपये की लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार बोर्ड कार्यालय में हाल कमरे का निर्माण व पेंटिंग का कार्य किया जाएगा। इस पर 46 लाख 78 हजार 385 रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार कुछ अन्य कार्य किए जाएंगे। चर्च रोड से लेकर इंदिरा चौक पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इसके अलावा बोर्ड क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का जीर्णोद्वार किया जाएगा। इसमें तोपखाना बाजार, माल रोड, स्टाफ रोड सहित अन्य कुछ सड़कें हैं। इसी प्रकार रिहायशी क्षेत्रों में फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार सुंदरीकरण के कुछ अन्य कार्य भी किए जाएंगे। इन पर तीन करोड़ 58 लाख रुपये खर्च होंगे।

क्षेत्र के स्कूलों, डिस्पेंसरी और पार्कों का भी रखरखाव किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल के बच्चों के लिए खेल सुविधाओं में विस्तार के तहत कार्य किए जाएंगे। इस पर लगभग तीन करोड़ 62 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं बिजली की सुविधा के तहत नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य भी किया जाएगा। इस पर दो करोड़ 75 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

#### ड्रेन का निर्माण

मानसून के दौरान बारिश के पानी की निकासी के लिए बोर्ड क्षेत्र में कुछ जगह पर ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। यह ड्रेन उन क्षेत्रों में बनाई जाएंगी, जहां बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति रहती है। इस पर लगभग तीन करोड़ 23 लाख रुपये खर्च होंगे। बोर्ड क्षेत्र में पानी की सप्लाई को दुरुस्त रखने के लिए पुरानी पाइप लाइनों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट विभाग ने पहले ही तैयार कर ली थी। इसमें कुछ सेना सहित रिहायशी क्षेत्र शामिल हैं। इस सुविधा के तहत एक करोड़ 33 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### महिला से गहने लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पट्टीकल्याणा स्थित गांधी आश्रम के बाहर बुजुर्ग महिला से चाकू की नोक पर सोने के गहने लूटने के दो आरोपियों को सीआईए वन पुलिस टीम ने पेप्सी पुल के नजदीक सर्विस लेन से गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान राधा कृष्णा कॉलोनी दाना मंडी भगता वाला अमृतसर पंजाब निवासी विजय उर्फ रवि व दपाई अमृतसर पंजाब निवासी अमित के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त बाइक पर सवार 10 जून को सुबह पट्टीकल्याणा में आश्रम के बाहर एक बुजुर्ग महिला से चाकू की नोक पर सोने का कड़ा, चुड़ियां व बालियां लूटने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। लूट की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में सोनीपत जिले के जटौली गांव निवासी बुजुर्ग महिला दमयंति की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# नाले में मिला खानपुर निवासी संजीव का शव

- मंगलवार को जल्द घर वापस आने की बात कहकर घर से निकला था मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव कान्हड़ी खुर्द में आज सुबह एक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव खानपुर निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। मृतक मंगलवार को घर से गायब था। थाना छप्पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह गांव कान्हड़ी खुर्द में लोगों ने नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव खानपुर निवासी 45 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक संजीव कुमार मजदूरी करता था। वह मंगलवार को जल्द वापस लौटने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे लेकिन कोई पता नहीं लगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया।

#### नाले में गिरने से हुई मौत

मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। उधर, जांच अधिकारी थाना छप्पर प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि नाले में गिरने से संजीव की मौत हुई है। परिवार के लोगों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास आज

**घरौंडा।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 9 बजे घरौंडा के फुरलक रोड फाटक पार वार्ड नंबर 1/2 में सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करेंगे। यह सामुदायिक केंद्र घरौंडा के वार्ड 1/2 के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जो सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सांझा स्थान प्रदान करेगा। इस सामुदायिक केंद्र के बनने से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### ग्रेन मार्किट के तीसरी बार बने सतीश अध्यक्ष

**घरौंडा।** कम्युनिटी सोसाइटी न्यू ग्रेन मार्किट के सदस्यों की एक बैठक कम्युनिटी सेंटर में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष व श्री जगदंबा एग्रिको एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी सतीश गोयल को तीसरी बार कम्युनिटी सोसाइटी न्यू ग्रेन मार्किट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सतीश गोयल की नियुक्ति होने पर व्यापारियों ने उनका जोरदार अभिनन्दन किया।

### गुरुकुल में मार्गदर्शन पर सेमिनार आयोजित

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना /"बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र/" के तत्वावधान में गांव मोर माजरा स्थित आर्य कन्या गुरुकुल में मार्गदर्शन की भूमिकाः प्राचीन ज्ञान और आधुनिक व्यावहारिकता का मिश्रण/" विषय पर सेमिनार आयोजित हुआ। राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने सेमिनार में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मेंटरशिप वह रिश्ता है जिसमें अनुभवी व्यक्ति अपने ज्ञान और अनुभवों को कम अनुभवी व्यक्ति के साथ साझा करता है।

### करनाल के युवा शटलर्स ने उत्तराखंड में मारी बाजी

**करनाल।** उत्तराखंड के मॉस्को में विक्टर-पदुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन द्वारा आयोजित ओपन जूनियर टूर्नामेंट में करनाल के युवा शटलर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गर्ल्स अंडर-17 वर्ग में वर्चैच ने खिताब जीता, जबकि सोमिल कंबोज ने बॉयज़ अंडर-13 में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने अंडर-15 वर्ग में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रनविजय सिंह ने अंडर-13 व अंडर-15 में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया।

### आपातकाल के दौरान संविधान और लोकतंत्र का एक बार स्मरण नहीं किया गया

# संविधान तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल : सीएम

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से पिछले 11 वर्षों में देश संविधान के अनुरूप चला और असल मायने में आजाद भारत को लोगों ने देखा : मुख्यमंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मिलते सीएम नायब सिंह सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान को तोड़ना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है और वे संविधान को बचाने की दुहाई देते हैं, जबकि वे आज भी उनकी सरकार बनने के बाद धारा-370 को वापिस करने जैसे बयान देकर भी संविधान को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से पिछले 11 वर्षों में ये देश संविधान के अनुरूप चला है और असल मायने में आजाद भारत को लोगों ने देखा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को स्थानीय कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय- देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी का दंश झेल रहा था, उस समय हमारे देश के नायकों ने अपना बलिदान दिया ताकि आने वाली पीढियां खुली हवा में साँस ले सकें, लेकिन उस समय किसी को यह नहीं पता था कि देश एक ऐसा दौर भी देखेगा, जब पवित्र संविधान की हत्या की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बोलते हुए कहा कि 25 जून का दिन हम सबको याद कराता है कि उस समय कैसे रात के 12 बजे सरकार द्वारा इमरजेंसी का आदेश पारित होता है और आम लोगों को यातनाएं देते हुए पकड़ लिया जाता है। उन पर किए गए अत्याचारों से आज भी हमारे रोंगटे खड़े. हो जाते हैं। यह आदेश उस सरकार की अपनी इच्छाशक्ति को पूरा करने के लिए जारी किया गया था। यह एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया था। देश के पवित्र संविधान को अपने स्वार्थ के लिए कुचल दिया गया। इमरजेंसी के दौरान संविधान और लोकतंत्र का एक बार भी स्मरण नहीं किया गया। किस प्रकार नेताओं और अपनी आवाज को बुलंद करने वाले लेखकों पर अत्याचार किए गए, उनको जेलों में बंद कर दिया गया, ताकि वे सरकार के खिलाफ कुछ न लिख सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद भारत के बाद जिस गति से देश आगे बढना चाहिए था, उस गति से नहीं बढ़ा। कांग्रेस के 55 साल और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल के कार्यकाल में विकसित भारत के अंतर को साफ देखा जा सकता है। लेकिन कांग्रेस को यह अंतर नजर नहीं आ रहा, वे केवल संविधान की किताब उठाकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये देश बदला है और गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह 'स्मृति समारोह' केवल अतीत को याद करने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमें भविष्य के लिए तैयार करने का अवसर है। हमें एक ऐसे भविष्य का निर्माण करना है, जहां लोकतंत्र हमेशा फलता-फूलता रहे, स्वतंत्रता की लौ हमेशा जलती रहे और भारत एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र के रूप में विश्व में हमेशा चमकता रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आपातकाल के दौरान यातनाएं सहन करने वाले परिवारों को सम्मानित किया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस से संबंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर देश हित में अपने विचार भी हस्ताक्षर कर सांझा किए। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंच का संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं पूर्व केडीबी के मानद सचिव अशोक सुखीजा ने किया तथा उन्होंने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीन अत्रे, शहीदी स्मारक अंबाला के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, चेयरपर्सन मेघा भंडारी, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मंत्री शशीपाल मेहता, पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान, भाजपा जिला के पूर्व अध्यक्ष बृज गुप्ता, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, भाजपा नेता कृष्ण गर्ग, मानसा सिंह, शिवम बंसल, राजपाल, विजय कुमार, संजय कुमार, अनिल चौहान, मोहित सचदेवा, मोहन लोदी, गौरव खुराना, नवीन बत्रा, रोहित भंडारी, सचिन राणा, देवेंद्र शर्मा, नरेश कुमार, हिमांशु छाबड़ा, सुलिंद्र कादयान, विजय राणा, जयभगवान जागंडा, मदन गुर्जर, विनोद राणा, शुभम गुप्ता, राजेश सैनी, मीना कांबोज, वाजिद अली, तजेंद्र सिंह तेजी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सरदार पटेल का योगदान बताया

उन्होंने कहा कि जब भारत अंग्रेजों से आजाद हुआ तो देश में छोटी-छोटी 562 रियासतें थी और इन 562 रियासतों को एकजुट करने का काम सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया गया और उन्होंने सभी रियासतों को एकजुट करने का काम किया। वहीं, सिर्फ एक रियासत की जिम्मेवारी पंडित जवाहरलाल नेहरू को सौंपी गई थी, जिसका परिणाम सब जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी संविधान का सम्मान नहीं किया और उनके नेता लोकतंत्र के मंदिर संसद में खड़े होकर बिल को फाड़ कर संविधान का अपमान करते है। संविधान की रक्षा की बात करने वालों की पीढ्यों ने भी कभी संविधान का सम्मान नहीं किया। कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही लोगों को प्रताडनाओं का दंश झेलना पड़ा और इन गलत नीतियों के कारण ही आज लोगों ने कांग्रेस को साफ कर दिया है।

### अतिथियों का किया स्वागत

इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूरे होने पर संविधान हत्या दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आपातकाल में हरियाणा की धरती भी इस संघर्ष में पीछे नहीं रही। यहां के अनेक नागरिकों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। जिस प्रकार, देश स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों और सेनानियों से प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त करता आ रहा है। उसी प्रकार लोकतंत्र सेनानी भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और उन्होंने हमें सिखाया कि आजादी को बरकरार कैसे रखा जाए।

### 370 को हटाना साहसिक कदम

इस मौके पर जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने परमिट प्रथा का विरोध किया और कहा कि इस देश में दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। वे यात्रा लेकर निकल पड़े और बिना परमिट के जम्मू -कश्मीर में चले गए। उन्हें अपनी कुर्बानी देनी पड़ी, तब जाकर परमिट प्रथा समाप्त हुई, लेकिन उसके बाद भी लंबे समय तक इस देश में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान चलते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा -370 को समाप्त कर एक संविधान, एक प्रधान और एक निशान के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया।

### मेयर ने किया अतिथियों का धन्यवाद

इस अवसर पर नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान जो जुल्म और ज्यादतियां हुई थीं, वे हम अभी तक भूले नहीं हैं।

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए प्रयासरत है एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया : अरोड़ा

- सच्चाई और ईमानदारी का किया जा रहा प्रचार प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल




एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन का भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान संपूर्ण भारतवर्ष में विगत आठ वर्षों से चल रहा है जिसके अंतर्गत लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है, फाउंडेशन भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देश भर सत्यनिष्ठा शपथ अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से सच्चाई और ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। नरेंद्र अरोड़ा ने ये विचार फाउंडेशन द्वारा आयोजित टॉप लीडर्स एवं न्यू मेंबर्स सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में रखे। इस अवसर पर आयोजित टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स सम्मान समारोह में फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को सम्मानित किया गया ओर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के नैशनल चीफ डायरेक्टर सतीश कुमार प्रजापत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और अध्यक्षता इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से प्रियंका राजीव गोयल, अशोक बजाज, सुदर्शन कंसल, हीरा लाल, विपिन गुप्ता, खुर्शीद आलम, संजय कुमार पुरी, मानव बत्रा, ममता रानी, एडवोकेट अनिल मलिक, महिंद्र कुमार छाबड़ा, शशि शर्मा, रणधीर सिंह, रमा तिवारी, संतोष तेजान, साहिल गर्ग, विजय पाल भाटिया, शुभम जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# 119वां विशाल भण्डारा 29 जून को

- शुक्रवार 4-7 बजे माँ भगवती की चौंकी होगी, मुख्य यजमान श्वेता ग्रोवर, नीरज ग्रोवर शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बाबा रामदास जी गिरी काली कमली वाले के तत्वाधान में बाबा जी के गद्दीनशीन वैद्य देवेन्द्र बत्तरा-दर्शना बत्तरा के सानिध्य में, डॉ. गौरव बत्तरा, डॉ मानव बत्तरा के नेतृत्व में 119वां ग्रीष्म ऋतु का विशाल भण्डारा 29 जून दिन रविवार को गांव कलवेहड़ी, नजदीक हवाई अड्डा करनाल में आयोजित किया जा रहा है।

पावन भण्डारे से 2 दिन पुर्व 27 जून को प्रातः 9 से 11 बजे बाबा जी का समाधिभिषेक किया जायेगा जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती राधिका एवं श्री संजीव नारंग तरावड़ी शिरकत करेंगे। सांय 4 से 7 बजे माँ भगवती की चौंकी का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती श्वेता ग्रोवर, नीरज ग्रोवर, हिमांगी शिरकत करेंगे। महामाई का गुणगान अशोक जागरण पार्टी करेगी। शनिवार 28 जून को प्रातः 10 बजे से 1 बजे श्री सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य यजमान डॉ. गिरिश चैटले, उत्तम हास्पिटल परिवार सहित शिरकत करेंगे। श्री दशरथ नन्दन पार्टी द्वारा पाठ कि या जायेगा। रविवार 29 जून को प्रातः 8 बजे गुरुदेव देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डॉ गौरव बत्तरा, डॉ. मानव बत्तरा के सानिध्य में हवन-यज्ञ किया जायेगा। जिसमें पंड़ित चेतन देव शर्मा, पंड़ित सच्चिदानन्द तिवारी, पंड़ित शेखर शर्मा मन्त्रोउच्चारण करेंगे। महामण्डलेश्वर स्वामी गीता मनीषी ज्ञानानन्द महाराज करनाल, स्वामी सुखसागर महाराज जम्मु, महामण्डलेश्वर सत्यानन्द तीर्थ, स्वामी हरिओम पाण्डेय बनारस, साध्वी मीरा देवी पठानकोट, स्वामी देवेन्द्र नन्द पठानकोट अपने मुखारविन्द से प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे एवं आर्शीवाद देंगे। संत महात्माओ के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। सामुहिक रूप से आरती करके विशाल भण्डारा लगाया जायेगा। यह जानकारी भण्डारा कमेटी के प्रधान भारत भुषण अरोड़ा एवं मिडिया प्रभारी सुभाष गुरेजा ने दी।

# भादसो सब यूनिट के प्रधान बने महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



इंद्री। भादसो सब यूनिट के नवनियुक्त प्रधान के साथ कार्यकारिणी सदस्य।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का भादसो सब यूनिट का चुनाव यूनिट प्रधान राजीव राठी, राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह व नरेश मेहला की देखरेख में हुआ । जिसमें सर्व सम्मति से सब यूनिट प्रधान महेंद्र सिंह, उप प्रधान सुनील दत्त, सचिव सुमित, सह सचिव ऋषिपाल व कैशियर कर्मवीर शर्मा को चुना गया । राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को ईमानदारी व संगठन हित में काम करने की शपथ दिलवाई । उन्होंने कर्मचारियों से 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने की अपील की । इस मौके पर शंटी कांबोज, राजेश, जगमाल, भाग सिंह व देवेन्द्र आदि उपस्थित रहें ।

### देवी मंदिर मे रक्तदान शिविर 29 जून को

**इंद्री।** सांखला क्लासेज करनाल एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 29 जून दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक देवी मंदिर मेन बाजार इंद्री में किया जाएगा । यह जानकारी शिविर के संयोजक कपिल किशोर, गगन सिंगला, एस एल सांखला, ललित शर्मा, नरेश अरोड़ा, वैभव सिंगला, हिमांशु भाटिया, हिमांशु जिंदल, प्रदीप गोयल, नितिन गांधी, राकेश गर्ग, रोहित जिंदल, विपिन व संजीव मलिक ने दी । उन्होने बताया कि 18 साल से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

# महाविद्यालय में छात्रों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



इंद्री। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत नशे के खिलाफ लोगो को जागरूक करते महाविद्यालय के छात्र। फोटो : हरिभूमि

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत छात्रों द्वारा एक विशेष डिजिटल अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों ने डिजिटल पोस्टर के माध्यम से समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया और युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के एंटी ड्रग/एंटी टोबैको सेल की संयोजिका प्रो पूजा ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को नशे से दूर रहने के लिए तथा नशे के विरुद्ध ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया । डिजिटल पोस्टर अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रचनात्मक और प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक सशक्त संदेश प्रसारित किया। इन पोस्टरों के माध्यम से युवाओं ने यह स्पष्ट किया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि स्वयं एक गंभीर समस्या है। उन्होंने अपने संदेश में यह आह्वान किया कि नशा नहीं शिक्षा को अपनाएं - यही है एक सशक्त, उन्नत और समृद्ध नवभारत की असली पहचान। प्रो सविता रानी ने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और इसे अपने मित्रों व परिवारजनों में भी साझा करें। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में कभी भी नशे का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकेंगे।




### 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**करनाल।** भारत सरकार द्वारा 12 जून से 26 जून 2025 तक चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' अभियान के अंतर्गत, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, हरियाणा द्वारा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से करनाल स्थित आंगन रेस्टोरेंट में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ड्रग कंट्रोल ऑफिसर विकास राठी ने की। बैठक में उपस्थित सभी केमिस्ट बंधुओं ने नशा उन्मूलन के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने शपथ ली कि 'ना तो नशा बचेंगे और ना ही नशा बेचने वालों का साथ देंगे' ड्रग कंट्रोल ऑफिसर विकास राठी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज को प्रभावित करता है। नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट हों और अधिक से अधिक लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएं।

### डेयरी संचालक 7 दिन में डेयरियां करें शिफ्ट, नहीं तो अलॉटमेंट होगी रद्द

# 21 डेयरी मालिकों को नोटिस जारीः डा. वैशाली शर्मा

- अवैध रूप से चल रही डेयरियां होंगी सील, नगर निगम सख्त एक्शन के मूड में : निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



करनाल। डेयरी संचालकों को नोटिस देती हुई नगर निगम की टीम।

शहर में अवैध रूप से डेयरियों का व्यवसाय कर गंदगी फैलाने वाले संचालकों के खिलाफ नगर निगम सख्त एक्शन लेने के मूड में है। निगम की ओर से ऐसे 21 डेयरी संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्होंने पिंगली डेयरी परियोजना स्थल पर डेयरी का निर्माण तो कर लिया है, परंतु अभी तक पशुओं को डेयरी में स्थानांतरित नहीं किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि ऐसे डेयरी संचालकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में डेयरी स्थानांतरित करने का समय दिया गया है। इस समय सीमा में यदि डेयरी संचालक अपने पशुओं को पिंगली डेयरी में शिफ्ट नहीं करते, तो नगर निगम शर्तों के अनुसार प्लॉट की अलॉटमेंट रद्द कर सिक्योरिटी राशि सहित डेयरी को अपने कब्जे में ले लेगा। इसके अतिरिक्त शहर में अवैध रूप से चल रही उनकी डेयरी को भी सील कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त कुछ डेयरी मालिक ऐसे हैं, जो न तो प्लॉट की अलॉमेंट के लिए आवेदन कर रहे हैं, न ही अनाधिकृत रूप से शहर में चलाई जा रही डेयरियों को बंद कर रहे हैं। इससे सम्बंधित एरिया में नागरिकों को दुर्गंध, मक्खी-मच्छर तथा विभिन्न बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं डेयरियों से निकलने वाले मल-मूत्र से नालियां व नाले चौक हो जाते हैं, जिससे बरसात के समय जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है। अब नगर निगम ऐसी डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त एक्शन लेगा। निगमायुक्त ने शहर में अनाधिकृत रूप से डेयरी का व्यवसाय कर रहे लोगों से कहा है कि वे अपनी डेयरियों को तुरंत प्रभाव से बंद करें। पिंगली स्थित डेयरी स्थल पर प्लॉट हासिल करने के लिए नियमानुसार नगर निगम में आवेदन करें और ड्रा के माध्यम से आबंटित प्लॉटों को हासिल कर उस पर निर्माण शुरू करें। इसी प्रकार जिन डेयरी मालिकों ने प्लॉट अलॉटमेंट के बाद डेयरी निर्माण शुरू नहीं किया है, उनके विरूद्घ भी जल्द ही नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

### 231 प्लॉटों का प्रावधान किया गया है प्रावधान

उन्होंने बताया कि पशु डेयरियों को शहर से बाहर पिंगली में स्थानांतरित करने के लिए नगर निगम कई सालों से प्रयासरत है। इसके तहत एक परियोजना विकसित की गई थी, जिसमें विभिन्न आकार के 231 प्लॉटों का प्रावधान किया गया है और अब तक 144 प्लॉट अलॉट किए जा चुके हैं। परियोजना में पिंगली डेयरी स्थल पर पक्की सडक़ें, बिजली, स्ट्रीअ लाईट, स्टोरम वाटर लाईन व जलापूर्ति आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 35 डेयरियां पिंगली शिफ्ट हो चुकी हैं, जबकि 21 डेयरियों का निर्माण हो गया है। इन्हें डेयरी शिफ्ट करने का नोटिस जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 80 डेयरी संचालकों द्वारा मौके पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। डेयरी प्लॉट लेने के लिए 47 आवेदन निगम कार्यालय में प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जल्द ही ड्रा के माध्यम से प्लॉट अलॉट किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**



## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने काला आंब रोड पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी के शामली जिला के अकबरपुर स्नेहटी गांव निवासी सुफियान के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मंगलवार को उनकी टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर युवक को काबू कर पूछताछ की आोपी ने बताया बरामद देसी पिस्तौल को वह दोस्तों में रौब दिखाने के लिए करीब 2 महीने पहले यूपी के मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के नजदीक मिले एक अज्ञात युवक से 3500 रुपये में खरीदकर लाया था।

## वामपंथी पार्टियों ने किया हड़ताल का समर्थन

**पानीपत।** पांच वामपंथी पार्टियों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माले लिबरेशन ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लॉक, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने 9 जुलाई को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आह्वान की गई देशव्यापी आम हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। तीनों वामपंथी पार्टियों के नेताओं का.दरियाव सिंह कश्यप, का. प्रेम चंद व प्रेम सिंह गहलोत ने संयुक्त रूप से कहा कि 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनें शामिल हैं।

## 20 सुरक्षाकर्मियों की भर्ती 27 को

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटिड कम्पनी (एस.आई.एस) के माध्यम से सुरक्षा कर्मी के 20 पदों को भरने के लिए जिले में भर्ती शिविर का आयोजन 27 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला सचिवालय स्थित जिला रोजगार विभाग, चतुर्थ तल, कमरा नम्बर 420 में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम दसवीं पास और उम्र 19 से 40 साल, लम्बाई 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलो तक हो।

### देशभक्त स्वाबीमानी नेताओं को जेलों में ठुसने का काम किया गया

# आपातकाल में संविधान की हत्या ही नहीं, अधिकारों का हनन भी हुआ

देश के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में युगो-युगो तक याद रखा जाएगा।



पानीपत। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री कंवरपाल गुज्जर । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

संविधान हत्या दिवस पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर ने कहा कि आपातकाल में भारतीय संविधान की हत्या ही नहीं की गई बल्कि लोगों के मौलिक अधिकारों का भी हनन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री कंवरपाल गुज्जर ने कहा कि आपातकाल देशवासियों को याद दिलाता है कि आपातकाल के दौरान किस प्रकार संविधान की हत्या की गई और देश भक्त नेताओं और नागरिकों को कैसी-कैसी घोर पीड़ाओं को झेलना पड़ा। देश के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में युगो-युगो तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की अर्धरात्रि को स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्र भारत के बलिदानों और लोकतांत्रिक कल्पनाओं को रोंदते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल लागू किया था और देशभक्त स्वाबीमानी नेताओं को जेलों में ठुसने का काम किया गया। जहां पूरे भारत में देशभक्त नागरिकों और जनसंघ के नेताओं को जेलों में डालकर अनेक यातनाएं दी गई। हरियाणा प्रदेश के भी अनेक नेताओं ने आपातकाल की पीड़ाएं झेली हैं। जिनमें प्रेमचंद गोयत, रामबिलास शर्मा, लाला अमरचंद, भगवानदास बंसल, मदनलाल हरदोई, प्रो.श्याम पसरिजा, जगदम्बा प्रसाद व रमेश चन्द्र शामिल हैं।

## बिजली गुल निगम बे खबर

- व्हाट्सएप पर भी शिकायत भेजी पर समाधान नहीं हुआ

**इसराना।** इसराना की लक्ष्मी नगर कालोनी में बीती रात से एक फेज में लाइट नहीं है। बार बार शिकायत के बाद लाइट ठीक नहीं हो रही। जिसको लेकर कालोनी वासी काफी परेशान हैं। कहने को तो बिजली निगम ने आम उपभोक्ताओं के लिए आनलाइन शिकायत से लेकर शिकायत केन्द्रों पर शिकायत पुस्तिका रखी हुई हैं जो खानापुर्ति साबित हो रही है। कालोनी वासियों ने बताया कि विभाग के आनलाइन शिकायत गुरुग्राम में 1912 पर दर्ज कराई थी पर 9 घंटे बीतने के बाद भी किसी भी कर्मचारी ने सुंघ नही ली। इसके साथ ही इसराना सब डिवीजन के 33 केवीए में शिकायत पुस्तिका में शिकायत दर्ज कराई पर फिर भी बिजली ठीक नहीं हुई। हैरानी की बता तो यह है कि इसराना के एसडीओ मनोज कुंडू को भी फोन कर तथा उसके व्हाट्सएप पर भी शिकायत भेजी पर समाधान नहीं हुआ। कालोनी वासी इकबाल, राधेश्याम, महीपाल, रत्न सिंह व सुरेन्द्र आदि ने बताया है अधिकारी व कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। लोगों को परेशानी उठानी पड़ी रही है। इस बारे में जब एसडीओ मनोज कुमार से बात की तो शिकायत ग्रुप में भेजी जा चुकी हैं अभी तक ठीक क्यों नहीं हुई पता करते हैं।

## कोई व्यक्ति नशे की दवा खरीदे तो पुलिस को करें सूचित : डीएसपी नरेंद्र सिंह



**पानीपत।** हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान नशा मुक्त भारत पखवाड़ा शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जिला में जागरूकता अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को दिशा.निर्देश देने के साथ ही डीएसपी समालखा नरेंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अभियान के तहत आज पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक कर नशे पर लगाम कसने के लिए नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग की अपील की गई। टीम ने पानीपत में सिविल अस्पताल के पास व समालखा में बाजार में स्थित मेडिकल स्टोरों पर संचालकों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील करते हुए कहा की अगर मेडिकल स्टोर पर कोई व्यक्ति नशे की दवा की खरीद करने आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। ताकि उन पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही की जा सके। वहीं सभी मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा पुलिस की हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## भाविप का तीन दिवसीय योग शिविर सम्पन्न



**पानीपत।** भारत विकास परिषद रानी लक्ष्मीबाई शाखा पानीपत द्वारा 23 से 25 जून तक सेक्टर 18 स्थित पार्क में तीन दिवसीय योग शिविर का आज समापन हो गया। शिविर में प्रतिदिन 50 से अधिक योग प्रेमियों ने योगाभ्यास किया। जिला के योग शिक्षक अधिकारी शीशपाल ने योग अभ्यास करवाया तथा योग के महत्व बताए। समापन पर योग साधकों द्वारा शीशपाल, शीला, मनोज जैन और रमा अघी का अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सुनील चिंदा, शाखा के महेन्द्र खत्री, मधु मुंजाल, संगीता सेठी, सुरेश मुंजाल, अर्जुन देव मुखीजा, रचना मुखीजा, अशोक मित्तल, गुलशन आनंद, गीतांजलि आनंद, राजेश शर्मा, मनीषा शर्मा व सुमित्रा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। बाल श्रमिकों के साथ रेस्क्यू करने वाली टीम। फोटो :हरिभूमि

## एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग यूनिट ने बाल श्रम कर रहे 7 बच्चों का किया रेस्क्यू

- बच्चों को बाल देखभाल गृह भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंसार मार्केट से 7 बाल श्रमिकों को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति में पेश किया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह भेज दिया गया। इन बच्चों की उम्र केवल 8 से 14 साल के बीच है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एसआई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के बावजूद आज भी देश में बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और एमडीडी द्वारा संयुक्त रूप से पानीपत को बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है।

*कंचन सागर ने प्रधान डा.अनु कालड़ा के कार्यकाल का सराहा*

## इन्नर व्हील मिड टाउन प्रधान के शुक्राना समारोह में पहुंचे मेयर व सांसद प्रतिनिधि





पानीपत। शुक्राना समारोह में अतिथियों के साथ आयोजक व समारोह के दौरान क्लब को मिले पुरस्कार दिखाती क्लब की पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- प्रधान डा.अनु कालड़ा ने जताया सभी का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इन्नर व्हील मिड टाउन की प्रधान डॉ.अनु कालड़ा ने आज अपनी और क्लब की सफलता के लिए अपनी टीम, शहर की विशेष हस्तियों, सहयोग करने वाली संस्थाओं के पदाधिकारियों के सम्मान हेतु शुक्राना समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत नन्हीं बालिका पुर्विका की ईश्वर वंदना से हुई। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत हुआ। मेयर कोमल सैनी ने डा.अनु कालड़ा और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि कुछ ही समय में देख लिया था कि उनका सेवा करने का जज्बा वाकई लाजवाब है और आज यह सम्मान उसी का परिणाम है। वहीं केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने अनु के नेतृत्व में क्लब द्वारा की गयी सेवाओं की प्रशंसा की। इसके अलावा बाल सरंक्षक अधिकारी रजनी गुप्ता, डीईओ राकेश बूरा, आर्य समाज के चंदर गुलाटी, गाँधी ग्लोबल से एडवोकेट राम मोहन राय ने प्रधान डा.अनु कालड़ा के कार्य को सराहनीय बताया।

वहीं क्लब की चार्टेंड प्रीसिडेंट कंचन सागर ने भी प्रधान डा.अनु कालड़ा के कार्यकाल का सराहा। वप्रधान डा.अनु कालड़ा ने कहा की उनके लिए आज का दिन बड़े ही गर्व, आभार और भावुकता का है। वह उनको दिए गए सहयोग के लिए सभी सहयोगियों का आभार प्रकट करती हैं। जिनमें क्लब की चार्टेंड प्रीसिडेंट कंचन सागर, पूर्व प्रधानाचार्या रितु दिलबागी एवं जीवन साथी गोबिंद कालड़ा का विशेष सहयोग रहा। रितु राठी, रजनी, क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुजाता, सीमा चोपड़ा, नीरू, अंजू गेरा, राजपाल, शशि चड्ढा,चन्द्र , प्रवीन, आशु, ऋ तू राठी, पंकज दुआ, सीमा, दीप्ति, स्वाति, रितिका, मुक्ता नागपाल आदि मौजूद रहे। मंच संचालन क्लब की उप प्रधान सीमा बब्बर व सलाहकार मुक्ता नागपाल ने किया।

## डीएससी समाज ने किया मंत्री कृष्णा बेदी का स्वागत



**पानीपत।** डीएससी समाज की आवाज बुलंद करने वाले एवं हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं चेयरमैन कष्ट निवारण समिति कृष्ण कुमार बेदी का आज पानीपत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डीएससी एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंत्री कृष्ण बेदी का यहां लंच का प्रोग्राम करनाल लोकसभा सह प्रभारी अनुसूचित मोर्चा राजेश बहोत के आवास पर हुआ। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का भी गुलदस्ता एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर रिशिपाल बेदी सेवा निवृत प्रिंसिपल, राम कुमार रिटायर्ड डीए, रमेश कुमार रिटायर्ड डीओ, करण सिंह पारचा, बलराज तोशामड ,पूर्व सरपंच धीरज वाल्मीकि, बिट्टू बाबरपुर, रॉकी गहलोत पार्षद, रामदास सोदा, नरेश कुमार सरपंच गांव उझा, रविंद्र तोशामड, सुभाष चंद् कबीरपंथी, बबीता राणा, जोगेंद्र व सुरेश कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## रिफाइनरी के साथ लगते सात गांव में होगा बड़ी मात्रा में पौधरोपण : डीसी डॉ. दहिया



**पानीपत।** जिले को हरा भरा बनाने को लेकर प्रशासन द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के माध्यम से प्लांटेशन का कार्य शुरू हो चुका है। ग्राम पंचायत की खाली जमीन पर अच्छी-अच्छी किस्म के पौधे लगाए जाएंगे इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपायुक्त ने 4 विभागों से से मांगी है। उपायुक्त डॉ .विरेंदर कुमार दहिया ने आज आईओसीएल डीएफओ, पीएचईडी व स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि रिफाइनरी के साथ लगते सात गांव में उपरोक्त विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्लांटेशन को लेकर प्रोजेक्ट तैयार करें व उसके रख रखाव से संबंधित पूरी जानकारी प्रोजेक्ट में डाल कर आगामी 15 दिन में जमा करवाएं। अधिकारियों ने उपायुक्त को पौधरोपण करने को लेकर अपने सुझाव भी दिए। इस मौके पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेंद्र चहल, एसडीओ विरेंद्र दहिया, वन विभाग के रेंज ऑफिसर जयकिशन के अलावा रिफाइनरी के अधिकारी मौजूद रहे।

# बुजुर्ग हमारे आदर्श हैं : शर्मा

- बुजुर्ग सम्मान समारोह का गांव कुराड़ में दिया न्यौता



पानीपत। गांव कुराड़ में समारोह का न्योता देते ऋतमोहन शर्मा एडवोकेट व अन्य ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा आगामी 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन एसडी विद्या मन्दिर स्कूल में सुबह 10 बजे किया जाएगा। जिसको लेकर ब्राहमण महासंघ हरियाणा के संस्थापक ऋतमोहन शर्मा, अनिल शर्मा, विनोद शास्त्री व महाबीर गौत्तम ने गांव कुराड़ में समारोह का न्यौता दिया। इस से पूर्व गांव स्थित भगवान श्री परशुराम जी के मंदिर में मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। एडवोकेट ऋतमोहन शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में बड़े-बुजुर्गों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बुजुर्ग कितने कष्ट झेलकर समाज व बच्चों की बेहतरी के लिए कार्य करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान करने वाला समाज उन्नति करता है। हमारे बुजुर्ग न केवल हमारे आदर्श हैं बल्कि हमारी आन-बान व शान हैं। उन्हीं की बदौलत आज हम इस मुकाम पर हैं। 6 जुलाई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुजुर्गों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजबीर शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप शांडिल्य एडवोकेट, कृष्ण शर्मा, बिल्लू शर्मा, जयभगवान शर्मा, मोनू, मीनू, प्रदीप, पवन शर्मा, प्रिंस, सागर व जसबीर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## आपातकाल की त्रासदी और लोकतंत्र की हत्या : देवेंद्र दत्ता



देवेंद्र दत्ता

**पानीपत।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र दत्ता ने कहा की 25 जून 1975 का दिन इतिहास के पन्नों में काली स्याही से लिखा गया काला कानून था, जिसे भारत के लोग कभी भूला न सकेंगे।

जिन लोगों ने अपनी युवा अवस्था में इस दंश को झेला था, वो आज भी 50 वर्ष के बाद धुंधली हो चुकी नेत्रों की ज्योति से इमरजेंसी की त्रासदी को बड़ी भावुकता से काला दिवस बताते हुए जोश के साथ वन्दे मातरम कह उठते है। देवेंद्र दत्ता ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी सदैव सत्तासीन रहने के लिए किसी भी स्तर पर कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहती थी। उनका हठी स्वाभाव ऐसा था की विपक्ष तो क्या, कांग्रेस में भी किसी नेता को कोई सुझाव देने का अधिकार नहीं होता था। इसलिए देश हित की बात कहने वाले उन्हें कभी पसंद नहीं थे अपितु चापलूसों और प्रशंसा में रागदरबारी गाने वाले लोगों का बोलबाला था।

## एसडी विद्या मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित होगा

# ब्राह्मण समाज करेगा 6 को बुर्जुगों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



इसराना। बुर्जुग सम्मान समारोह को लेकर पत्रकार वार्ता करते हुए रोहित गौतम व अन्य।

ब्राह्मण समाज आगामी 6 जुलाई को समाज के 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का एसडी विद्या मंदिर में सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी इसराना में ब्राह्मण समाज की बैठक के बाद ब्राह्मण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने पत्रकार वार्ता में देते हुए कहा कि पानीपत में यह पहली तरह का ऐसा कार्यक्रम है जिसमें समाज के ऐसे महानुभाव भाग लेंगे जो राजनीति से दूर हैं ओर समाज को आगे बढ़ाने ओर समाज में उच्च पदों पर रहते हुए समाज से जुड़े हुए हैं। जिसमें सानिध्य श्री आदि बद्री मठ मछली बंदर से दंडी स्वामी विनय स्वरूप आश्रम व स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज का रहेगा। मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा, सेवानिवृत आईएएस राजीव शर्मा, सेवानिवृत जिला जज केसी शर्मा होंगे। विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी अविनाश पालीवाल, कांग्रेस नेता विरेंद्र बुल्ले शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, डायरेक्टर पीयूसी बैंक ओपी शर्मा, विजिलेंस प्रमुख शशिकांत शर्मा व एडवोकेट अशोक शर्मा सोनीपत रहेंगे। इसके अलावा अतिथिगण के रूप में रिफाइनरी से जीएम आईएसआरएल मुकेश शर्मा, समाजसेवी सुरेंद्र मित्तल, कुलदीप कौशिक, ईश्वर गोयल, राजीव जैन, भाजपा नेता राजेंद्र हलदाना व डा.गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वह समारोह में पहुंच कर भगवान श्री परशुराम जी व बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके अलावा हरियाणवीं कलाकार महाबीर गुड्डू, चंद्रावल उषा शर्मा व गायक संदीप शर्मा भैंसवाल भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर बलराम शर्मा, डा.अंकित शर्मा, तिरलोक शर्मा, संजय शास्त्री, सतीश शर्मा व वेद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## किसान सभा की बैठक सम्पन्न



पानीपत। अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक में मौजूद सदस्य।

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक गीता कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक ने की। संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने किया। बैठक में अहमदाबाद हवाई जहाज दुर्घटना में मारे गए नागरिक और दुनिया के अंदर युद्धों में मारे जा रहे बेकसूर नागरिकों बच्चों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में भविष्य के आंदोलन और संगठन निर्माण संबंधी निर्णय लिए गए। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष दिलावर सिंह राठी, जिला उप प्रधान सीताराम शर्मा, समालखा ब्लॉक प्रधान कुंवर सिंह छौक्कर, हरिराम शर्मा, रणधीर चमराड़ा व एसए खान आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**रिंकु सुपुत्र स्व. श्री दीनानाथ निवासी मकान नम्बर 79/4 वीवर्स कालोनी पानीपत व आदि**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है रिंकु सुपुत्र स्व. श्री दीनानाथ निवासी मकान नम्बर 79/4 वीवर्स कालोनी पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है, जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गय है कि मृतक सत्या देवी धर्मपत्नी स्व. श्री दीनानाथ की मृत्यु दिनांक 22/03/2017 को हो गई थी। मृतक स्वं. सत्या देवी धर्मपत्नी स्व. श्री दीनानाथ के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. अनिल कुमार सुपुत्र 2. रिंकु सुपुत्र 3. सुरेन्द्र सुपुत्र 4. पूजा बरार सुपुत्री 5. सुनीता सुपुत्री ही वारिस है। यह कि सुरेन्द्र सुपुत्र स्व. श्री दीनानाथ का स्वर्गवास दिनाक 30/08/2010 को हो चुका है। मृतक सुरेन्द्र के निम्न वारिस 1. आशा रानी विधवा 2. कृष्ण सुपुत्र 3. रोहित बेरी सुपुत्र है। यह कि उपर दर्शाये गये वारसानो के अलावा मृतक स्व. सत्या देवी धर्मपत्नी स्व. श्री दीनानाथ का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है, जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है तथा अंजली शर्मा पार्षद वार्ड नम्बर 4, व हल्का पटवारी सुनील ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारिसों की तसदीक की है, इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक स्व. सत्या देवी धर्मपत्नी स्व. श्री दीनानाथ के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 23.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**श्री स्वर्ण कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह निवासी मकान न०. 203, जवाहर नगर तहसील कैम्प, तह० व जिला पानीपत ।**
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री बलदेव सिंह पुत्र स्व० श्रीमति स्वर्ण कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह निवासी मकान न०. 203, जवाहर नगर तहसील कैम्प, तह० व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप में बताया गया है।

वह कि प्रार्थी कि माता श्रीमति स्वर्ण कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह का देहान्त दिनांक 28/04/2019 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है।

वह है कि प्रार्थी कि माता श्रीमति स्वर्ण कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह का देहान्त 28/04/2019 में हो चुका है। यह है कि प्रार्थी कि माता के देहान्त के बाद 5 ही जायज वारिस है 1 तजिन्द्र सिंह (पुत्र) 2. नरिन्द्र कौर (पुत्री) 3. निर्मल कौर (पुत्री) 4. बलदेव सिंह (पुत्र) 5. गुरदेव सिंह (पुत्र) लेट श्रीमति स्वर्ण कौर पत्नी श्री हरबंस सिंह के हैं। इनके इलावा अन्य कोइ वारिस नहीं है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 10-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। छोटा खुड्डा के सक्षम ने 24 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर से आरोपी ने एलईडी, बर्तन, सोना टाप्स व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। गांव बिहटा के रहने वाले विशाल ने 24 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी टिंकू को गिरफ्तार किया है। कच्चा बाजार के मनोज कुमार ने 26 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 नवंबर 2024 को गांधी ग्राउंड से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बिजली अदालत का आयोजन 26 को

**अंबाला।** अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 26 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत यहां रख सकता है।

### खेत से दो सोलर पंप तथा बिजली केबल चोरी

**जींद।** गांव गतौली खेतों से दो सोलर पंप तथा बिजली केबल गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी सेवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत तथा पडोसी प्रेम के खेत से सोलर पंप तथा कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बेरीखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून दोपहर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### सीआरएसयू ने एबीवीपी की मांग की पूरी

**जींद।** सीआरएसयू प्रशासन ने एबीवीपी की मांग को पूरा किया है। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर को मांग की कि थी यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों को स्पेशल और मर्सी चांस दिया जाए।

## एक हजार मिट्टी के कट्टे भरे गए, डीसी ने कई नालों की सफाई का जायजा लेकर कहा, बरसात से निपटने को हम तैयार

# बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने की कसरत

**41 पंपों के साथ पांच जेसीबी तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नाले की सफाई का जायजा लेते डीसी अजय सिंह तोमर।



बरसाती सीजन में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को फिर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है उससे निपटने के लिए पंपों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग, नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग, रेलवे, एनएचएआई व अन्य अधिकारियों के साथ नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया।

इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमीशनर वीरेंद्र लाठर, एसडीएम दर्शन कुमार व रितेश गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि सफाई व्यवस्था का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष बचे काम को भी तीव्रता से किया जा रहा है। विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले सैक्टर 7 के नजदीक रेलवे क्षेत्र से गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारी ने उन्हें अवगत करवाया कि यहां पर रेलवे के तीन स्पैन थी जिन्हें साफ करवा दिया गया है। इसके उपरांत उन्होंने सैक्टर 23 वाटिका के नजदीक भी गुजर रहे नाले का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर जनरेटर व पंप की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें ताकि निर्बाध रूप से बरसाती पानी की निकासी हो सके।

उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर भी जरुरी दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने पंडित दीन-दयाल उपाध्याय चौक के नजदीक जन स्वास्थ्य विभाग के पंप की व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने यहां पर भी पंप व जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि पानी सुगमता से यहां से निकल सके। उपायुक्त ने मानव चौक के नजदीक गुजर रही नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने इंद्रपुरी व बनूड़ी नाके पर जाकर एसटीपी प्लांटों की व्यवस्था को जांचा। यहां पर जो मोटर या मशीनें लगी हुई हैं उसकी वास्तविकता जांची। एसडीओ हरमिलाप ने उपायुक्त को बताया कि इंद्रपुरी एसटीपी प्लांट में बड़ी क्षमता वाली मोटर इंस्टाल की जा रही है। जल्द ही यह दुरूस्त हो जाएगी। उपायुक्त ने दोनों जगहों पर निर्देश दिए कि यहां पर बरसात के दिनों में मोटरें चलनी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए डीजल की व्यवस्था के साथ-साथ जो अन्य आवश्यक व्यवस्था है उसे करना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत उपायुक्त ने टोल प्लाजा /देवीनगर के नजदीक सिंचाई विभाग द्वारा पानी को रोकने के लिए जो स्टड लगाया गया है उसको भी देखा। इसी प्रकार उन्होंने मनमोहन नगर के नजदीक भी गुजर रही नाले की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने इससे पहले लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ तैयारियां की समीक्षा की। नगर निगम द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि 41 पंपों की व्यवस्था के साथ-साथ उनके पास 5 जेसीबी मशीनों की व्यवस्था है। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके चार डिस्पोजल पंप हैं। सभी व्यापक व्यवस्थाएं वहां पर की गई हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगभग एक हजार मिट्टी के थैले तैयार किए गए हैं। यदि कहीं पर भी आवश्यकता पड़ती है उन्हें वहां पर लगा दिया जाएगा। मौके पर अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, कार्यकारी अभियंता संदीप, कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश गोयल, एसडीओ हरमिलाप, जितेंद्र सिंह, एनएचएआई से पुलकित, हुडा से कार्यकारी अभियंता के साथ-साथ रेलवे व एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

## बरसात के बाद कई रिहायशी कॉलोनियों में भराव



बराड़ा। पानी निकासी के कार्यों का जायजा लेते हुए नपा अध्यक्ष रजत मलिक।

**बराड़ा।** बरसाती शुरू होते ही कस्बे में जलभराव हो गया। कई रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों में पानी जमा होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के अध्यक्ष रजत मलिक ने बुधवार को नगर पालिका सचिव राजेश कुमार और कनिष्ठ अभियंता (जेई) भंवर सिंह के साथ बरसात से प्रभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को तुरंत राहत प्रदान की जाए। जांच के दौरान मलिक ने वार्ड नंबर 1 मौजगढ़ स्थित जोहड़ का भी जायज़ा लिया। यहां पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरों में घुस रहा था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर नगर पालिका सचिव के साथ मिलकर जोहड़ से सटी पुलिया को खुलवाया, जिससे गंदे पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकी और लोगों को राहत मिली। अध्यक्ष द्वारा हाल ही में जारी हेल्पलाइन नंबर पर नगरवासियों से लगभग 15 से 20 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिनमें से अधिकांश समस्याओं का समाधान नगरपालिका कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बरसात के मौसम में उत्पन्न समस्याओं के समाधान में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने स्वीकार किया कि जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है। इसे स्थायी रूप से खत्म करने के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने सचिव और पालिका अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मलिक ने कहा कि मुझे पद संभाले कुछ ही समय हुआ है लेकिन वे नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहते हैं कि जलभराव और अन्य नगर समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर नपा सदस्य पवन कुमार, लिपिक राहुल कुमार और सफाई कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

## छात्रों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी



बराड़ा। जागरूकता रैली निकालते हुए कॉलेज छात्र।

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसका आयोजन एंटी ड्रग्स अवेयरनेस सैल की इंचार्ज सरला सेठी और डॉ. शशि खुराना के नेतृत्व में किया गया। इस रैली के द्वारा विद्यार्थियों ने आसपास के गांव में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने लोगों को शपथ दिलवाई कि वें न तो खुद नाश करेंगे और ना ही दूसरों को नाश करने देंगे। इसके अलावा गांवों में कई स्थान पर भांग जैसे नशे के पौधे लगें हुए थे उनको उखाड़ कर फेंकने में विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोगों को भी इनको उखाड़ कर फेंकने के लिए प्रेरित किया।

## परिवार व समाज को भी प्रभावित करती है नशे की लत

- राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व प्राचार्य।

नशा केवल व्यक्तिगत जीवन को ही नहीं अपितु पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इस बारे में राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. उमेश भारती ने कहा कि नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता को लेकर कालेज में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।इसका उद्देश्य विद्यार्थियों तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में नशे के बारे में युवाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है ताकि युवा वर्ग इससे बच सके। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करें और नशे के विरुद्ध मजबूत चेतना विकसित करें। उन्होंने बताया कि नशे के प्रति जागरूकता के लिए कॉलेज में समय-सयम पर विद्यार्थियों के लिए जागरूकता व्याख्यान, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, नाटक एवं समूह चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

उन्होंने कहा कि समाज, विद्यालय और अभिभावकों को मिलकर एकजुट प्रयास करने होंगे ताकि एक नशा मुक्त, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य का निर्माण किया जा सके। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और युवाओं को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। राजकीय महिला महाविद्यालय में गत दिवस नशे की विकराल समस्या के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों तथा समस्त महाविद्यालय परिवार को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना एवं समाज को इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना था। भारती ने नशे के विभिन्न प्रकारों-जैसे शराब, तंबाकू, गुटखा, ड्रग्स आदि तथा इनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हुए जो विद्यार्थीयों के मार्गदर्शक, प्रेरणा और मानसिक संबल के रूप में एक

## लोक नृत्य कार्यशाला के समापन पर हरियाणवी डांस पर थिरके कलाकार

- चंडीगढ़ संगीत नाटक एकादमी की ओर से चल रही थी दस दिवसीय कार्यशाला, वरिष्ठ कलाकार बुधराम ने दिया था प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली कलाकार।

चंडीगढ़ संगीत नाटक एकादमी की ओर से चल रही दस दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का समापन हो गया। इस दौरान युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक बुधराम ने यहां युवाओं को हरियाणवी लोक नृत्य की विदाओं से अवगत करवाया। बता दें कि बुधराम हरियाणवी लोकनृत्य कला को एक समर्पित कलाकार हैं। सालों ये हरियाणवी नृत्य कला को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला व चंडीगढ़ संगीत नाट एकादमी के जरिए बुधराम हरियाणवी लोक नृत्य कला के स्वरूप को बचाने में जी जान से जुड़े हैं। पिछले कुछ समय में बुधराम 20-22 हजार युवाओं को हरियाणा नृत्य कला के गुर सिखा चुके हैं।अब ये कलाकार विभिन्न मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधराम बताते हैं कि किसी भी कला को जिंदा रखने के लिए समय अनुसार उसमें प्रयोग करने भी जरुरी होते हैं।

### रिहायशी भवन में अचानक लगी आग

**अंबाला।** मानव चौक के पास फ्रैंड्स कॉलोनी में एक घर में आग लग गई। आग लगने से घर का सामान जल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची। घटना बीते रोज की बताई जा रही है। मकान मालिक कौशल कुमार ने बताया कि वह कपड़ों की फेरी लगाने का कार्य करता है। वह जिला नागरिक अस्पताल में आंख का चेकअप करवाने के लिए गए थे। उन्होंने घर आकर पंखा चलाया। कुछ देर बाद घर में जलने की बदबू आने लगी तो उन्होंने इधर-उधर जाकर देखा तो पता नहीं चला लेकिन उनके घर के स्टोर से धुंआ उठने लगा तो बेटे ने घर का मुख्य स्विच बंद किया और बाल्टियों से आग को बुझाने का प्रयास किया।

## योग प्रतियोगिता में छठी कक्षा की अन्वी गुप्ता ने पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। पुरस्कार के साथ अन्वी गुप्ता।

डीएवी स्कूल की कक्षा 6 में पढ़ने वाली अन्वी गुप्ता ने पंजाब के धुरी नामक स्थान पर आयोजित योग कार्यक्रम में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह सीरीज कार्यक्रम था जिसमें फर्स्ट व सैकेंड राउंड के बाद बच्चे का सिलेक्शन हुआ। अन्वी की श्रद्धा और विश्वास और प्रेक्टिस का ही नतीजा था कि उसने प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि अन्वी पढ़ाई में भी अव्वल है। समय निकालकर उसने अपनी प्रैक्टिस को जारी रखा। उन्होंने बताया कि यह बच्चों के अपने लक्ष्य को हासिल करने की जिद होती है जो उन्हें सफलता प्रदान कराती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की योगा टीम के बच्चे बहुत कुशल है और हर प्रसिद्ध प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर विजय हासिल करते हैं। उन्होंने अन्वी को उनकी जीत पर बधाई दी। उज्वल भविष्य की कामना की।

## आईटीआई में 236 सीटों पर दाखिले के लिए 185 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय आईटीआई मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर नोहनी में सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न व्यवसायों में दाखिले हेतु कुल 236 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अब तक संस्थान को 185 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि निदेशालय कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा राज्य भर की सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 27 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वायरमैन, मैकेनिक आरएसी, टर्नर, कोपा, एसओटी, सिलाई तकनीक, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी तथा एसएसए (हिंदी) जैसे व्यवसायों में दाखिला दिया जाएगा। अब तक 24 जून 2025 तक लगभग 185 अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि इच्छुक उम्मीदवार संस्थान में स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से निशुल्क आवेदन करने की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय पर अपना आवेदन सुनिश्चित करें।

## जीएम बोले, सीएम से करवाया जाएगा उद्घाटन

# डेढ़ करोड़ की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार

- कांग्रेस ने जताया ऐतराज, कहा लोगों को जानबूझकर परेशान करने के लिए लटकाया जा रहा है उद्घाटन, सात दिन की दी मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



वाहन पार्किंग का बाहरी दृश्य।

अंबाला शहर के बस स्टैंड के पास करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार हो चुकी है। जल्द ही इस कार पार्किंग का उद्घाटन होगा। रोडवेज अधिकारी कार पार्किंग का शुभारंभ सीएम से कराना चाहते हैं। इसके लिए रोडवेज महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा परिवहन विभाग के मुख्यालय को पत्र भेजने की बात कही है। उधर कांग्रेस ने एक सप्ताह के भीतर यह कार पार्किंग चालू करने की बात कही है। अधिकारियों को साफ चेतावनी दी कि अगर सात दिन में पार्किंग शुरू नहीं हुई तो भी लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का डटकर विरोध किया जाएगा। जीएम ने बताया कि एक जून को लोक निर्माण विभाग ने उन्हें पार्किंग सुपुर्द की है। सीएम से समय मिलने के बाद ही पार्किंग का शुभारंभ हो सकेगा।

### पार्किंग में कर रहे सजावटी कार्य

*पार्किंग में फैंसी में लाइट भी लगा दी गई हैं। इसके अलावा पार्किंग को हरा भरा रखने के लिए 500 गमलों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जल्द ही इन पौधों को कार पार्किंग में रखवा दिया जाएगा। जो पार्किंग की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं दूसरी और इस पार्किंग से रोडवेज के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।*

### दुकानदारों को मिलेगी राहत

अंबाला शहर में कपड़ा, मनियारी और आर्टिफिशियल ज्यूलरी की होलसेल मार्केट है। जो अंबाला सिटी बस स्टैंड के सामने है। इस मार्केट में चंडीगढ, हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न जिलों से छोटे, बडे दुकानदार होलसेल रेट में सामान की खरीदारी करने आते हैं। इन दुकानदारों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती। जिसके कारण सुबह से लेकर शाम तक जाम लगा रहता है। परिवहन विभाग के जीएम अश्वनी डोगरा ने बताया कि करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कार पार्किंग बनकर तैयार है। जल्द ही इसका उद्घाटन करवाया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय में लिखा है। कांग्रेसी नेता विनोद धीमान ने कहा कि अफसर सत्तापक्ष के कुछेक नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कार पार्किंग के उद्घाटन का मामला जानबूझकर लटकाया हुआ है ताकि लोगों को परेशान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सात दिन में इसका शुभारंभ न हुआ तो लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर इसे चालू कर दिया जाएगा।